तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा

2
ग्राम अमहवा की जिंदगी फंसी दो नदियों के फेर में



# बारिश में बिजली गुल और सोलर पैनल भी नहीं कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश के मौसम में बिजली गुल रहने के साथ बीते कुछ महीनों से सोलर पैनल भी खराब होने के कारण ग्रामों में अंधेरा बना हुआ है। पिछले दिनों सोलर पैनल की समीक्षा के दौरान यह जानकारी सामने आई थी कि बीते वर्ष जिन ग्रामों में सोलर पैनल लगाए गए हैं वे पूरी तरह खराब हो चुके हैं। जिन्हें बदलने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों की थी। उनके द्वारा भी बदलने के काम को लेकर फंड नहीं होने के बहाना बना दिया गया। और आज तक ऐसे पंचायतों में सोलर पैनल ही नहीं बदले गए।

ग्राम पंचायत मुख्यालय से लेकर ग्रामीण सड़कों में भी राज्य अक्षय उर्जा विकास प्राधिकरण के द्वारा सोलर पैनल लगाए गए हैं। जो अब पूरी तरह खराब हुए हैं। लेकिन लगाए जाने के बाद इनके रखरखाव की जिम्मेदारी न तो क्रेडा के द्वारा निभाई गई और न ही इस दिशा में कोई सकारात्मक कार्रवाई की गई। वहीं ग्राम पंचायतों ने भी इसके लिए वित्तीय राशि नहीं होने का प्रावधान बताकर अपने हाथ पीछे खींच लिए। परिणाम स्वरूप 20 ग्राम ऐसे सामने आए हैं जहां लगे हुए सोलर पैनल जब से बिगड़े हैं सुधारने की जरूरत नहीं समझी गई। हाल ही में हुई बारिश से बिजली की लचर व्यवस्था के कारण सोलर पैनल की समीक्षा की गई तो पैनल के खराब होने के मामले का खुलासा हुआ। तब कहीं जाकर जिला प्रशासन ने क्रेडा को ऐसे ग्रामों की सूची तैयार कर उनके यहां लगे सोलर पैनल को बदलने के निर्देश दिए हैं।

## क्रेडा को ऐसी पंचायतों में कार्य करने के दिए गए हैं निर्देश

**खास बातें**
- सोलर पैनल लगाने के बाद क्रेडा ने पंचायतों को सौंप दी थी जिम्मेदारी



### अंधेरे में विषैले जंतुओं का भय

सोलर पैनल खराब होने से अंधेरा होने के कारण ग्रामीण अंचलों में विषैले जीव जंतुओं का भय बना रहता है। साथ ही इनके डंसने से मौते भी हुई हैं। मुख्य कारण गांव में अंधेरा होना भी बताया गया है। जिसे देखते हुए सोलर पैनल सुधार कार्य शुरू किए जाने के निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ऐसे ग्राम पंचायतों की सूची क्रेडा को सौंपने को कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 468.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कोरबा।** जिले में 1 जून से 22 जुलाई तक कुल 468.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार उक्त अवधि में जिले की तहसील कोरबा में 476 मिलीमीटर, अजगरबहार 332.8, भैंसमा, 409, करतला 412.1, बरपाली 508.9, कटघोरा 479, दीपका 505.6, दर्री 580.9, पाली 510.2, हरदीबाजार 399.6, पोंड़ीउपरोड़ा 503.2, और पसान तहसील में 499.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन कल तक

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पोंड़ीउपरोड़ा जिला कोरबा में संचालित व्यवसाय-कोपा, आईओटी टेक्नीषियन (स्मार्ट एग्रीकल्चर) एवं आईओटी टेक्नीषियन (स्मार्ट हेल्थकेयर) में सत्र 2026-27 में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट में जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 जुलाई है।

### आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग 5 तक

**कोरबा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा के परिणाम घोषित होने के उपरांत चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 22 जुलाई से 5 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। यह काउंसिलिंग विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित सूची के अनुसार संबंधित आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक संपन्न होगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को निर्धारित तिथि एवं स्थान पर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को कक्षा 8वीं की अंकसूची, अध्ययनरत होने का प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र तथा शासन द्वारा निर्धारित अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे। विशेष श्रेणी के अभ्यर्थियों को संबंधित श्रेणी का प्रमाण-पत्र भी साथ लाना होगा।

### संभाग स्तरीय युवा संसद का आयोजन

**कोरबा।** लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं एवं युवाओं में संसदीय प्रणाली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदेश के सभी संभागों में संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में संसदीय कार्य विभाग द्वारा सभी संभागायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन संबंधित संभागायुक्त के मार्गदर्शन में किया जाएगा। प्रतियोगिता का संचालन संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित युवा संसद संबंधी पुस्तिका में वर्णित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाएगा। प्रत्येक संभाग में विभिन्न जिलों के मध्य अंतरजिला युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसके लिए आयोजन स्थल, पारितोषिक तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं संबंधित संभागायुक्त द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी।

### राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ 18 अगस्त को

**कोरबा।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अभियान के छठे वर्ष में प्रवेश के अवसर पर 18 अगस्त को जिलेभर में राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में संचालनालय, समाज कल्याण विभाग, रायपुर के निर्देशानुसार जिले के सभी संबंधित विभागों, शैक्षणिक संस्थानों एवं कार्यालयों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने कहा गया है।

## डीएमएफ से सभी ब्लाक मुख्यालयों में 10-10 आवासों का हुआ है निर्माण

# चिकित्सक व शिक्षक के आवासों का आबंटन एसडीएम करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ चिकित्सक और शिक्षकों के लिए बनाए गए आवासों का आबंटन

**खास बात**
- बैंक खाते में न्यूनतम किराया करना होगा जमा

अब अनुविभागीय अधिकारी के हाथ में आ गया है। न्यूनतम किराए पर आबंटन करने के साथ ही इनकी राशि बैंक खाते में कर्मचारियों को स्वयं जमा करना होगा। पूर्व में आवासों का आबंटन जिला मुख्यालय से किया जाता था।

आवास आबंटन को लेकर जिला मुख्यालय से होने वाली देरी के परिणाम स्वरूप ब्लाक मुख्यालय में एसडीएम शासकीय आवासों का आबंटन कर सकेंगे। पिछले वर्ष से ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के द्वारा सभी 5 ब्लाक मुख्यालयों में 10-10 चिकित्सक और शिक्षक आवासों का निर्माण किया जा रहा है। जिनमें कुछ पूरे हो गए हैं। जिनके आबंटन को लेकर पदस्थ कर्मचारियों के लिए प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। ऐसे आवासों का आबंटन न्यूनतम किराए की शर्त पर किया जाएगा। जिनके लिए बैंक में खाता अनिवार्य कर दिया गया है। सरकारी कर्मचारियों को उक्त बैंक खाते में किराए की रकम जमा करनी पड़ेगी। इसके लिए गाइड लाइन भी जारी कर दी गई है। जिसके मुताबिक आवासों का आबंटन दूर से आने वाले कर्मचारियों को ही किया जाएगा। ब्लाक मुख्यालय के आसपास रहने वाले कर्मचारी इसके लिए पात्र नहीं माने जाएंगे।



### आबंटन के लिए लगी रहती थी होड़

आवास आबंटन को लेकर जिला मुख्यालय में कर्मचारियों के द्वारा आवेदन दिया जाता था। लेकिन पात्र लोगों को आबंटन की प्रक्रिया से वंचित होने के कारण इस मामले को लेकर शिकायतें भी कर्मचारी संगठनों के द्वारा की गई थी। कई ऐसे कर्मचारी थी जो आवासों में कब्जा जमा लिए थे। लेकिन निवास स्थान से ही आना जाना करते थे। इस मामले को लेकर भी जिला प्रशासन से शिकायत हुई थी। ऐसे लोगों से आवास खाली भी कराए गए हैं।

### हाउसिंग बोर्ड ने किया है निर्माण

इसके पूर्व हाउसिंग बोर्ड ने भी सभी ब्लाक मुख्यालयों में 40 आवासों वाली कालोनी का निर्माण किया है। जहां ब्लाक मुख्यालय में पदस्थ कर्मचारी निवास करते हैं। इनमें तहसील कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों को ही प्राथमिकता के साथ आबंटन किए जाने के कारण स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को आवास नहीं मिल पाता था। इस वजह से डीएमएफ से शिक्षक और चिकित्सक आवासों का निर्माण किया जा रहा है। इसके पूर्व कोरबा ब्लाक के लेमरू क्षेत्र में 20 आवासों का निर्माण पूर्व में किया गया है। जहां विभिन्न विभागों के कर्मचारी निवास करते हैं।

# डिप्टी सीएम की उपस्थिति में प्रेस क्लब कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव की उपस्थिति में प्रेस क्लब की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह दोपहर 12.30 बजे नगर पालिक निगम के जवाहरलाल नेहरु सभागार में आयोजित किया जाएगा। जहां प्रेस क्बल के अध्यक्ष, संरक्षक सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारी शपथ लेंगे।



अरुण साव



लखनलाल देवांगन

उपमुख्यमंत्री अरुण साव अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत रायपुर से सड़क मार्ग होते दोपहर 12 बजे कावेरी गेस्ट हाउस जमनीपाली पहुंचेंगे एवं वहां से दोपहर 12.15 बजे प्रेस क्लब के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने नगर निगम के जवाहर लाल नेहरु सभागार पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव दोपहर 12.25 बजे से 01.25 तक शपथ ग्रहण समारोह में प्रेस ⏭ शेष पेज 3 पर

### 73 करोड़ के विकास कार्यों की देंगे सौगात

उप मुख्यमंत्री श्री साव इस दौरान जिले को 73 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात प्रदान करेंगे, जिसमें 36 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन व 37 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। उप मुख्यमंत्री श्री साव द्वारा जिन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जायेगा, उनमें दर्री बराज कोहड़िया मार्ग में बेलगरी नाला पर 9 करोड़ 11 लाख 68 हजार रूपये की लागत से उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग, कुदमुरा श्यांग मार्ग में गुरमा नाला पर 5 करोड़ 5 लाख 62 हजार रूपये की लागत से उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण, लेमरू श्यांग मार्ग में लमटी नाला पर 3 करोड़ 74 लाख 34 हजार रूपये की लागत से उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण, नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत आजीविका संवर्धन हेतु प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत शहरी वर्ग के आय सृजन करने हेतु 90 लाख 96 हजार रूपये की लागत से दुकान निर्माण कार्य, निगम क्षेत्रांतर्गत सीएसईबी चौक से जैन चौक से आईटीआई चौक से कोसाबाड़ी चौक तक 11 करोड़ 54 लाख 80 हजार रूपये की लागत से गौरव पथ सहित आदि विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

# बारिश से उफान पर नदी-नाले, हसदेव दर्री बैराज का गेट नंबर 12 खोला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पिछले कुछ दिनों से हो रही मूसलाधार और लगातार बारिश के कारण क्षेत्र के सभी नदी-नाले उफान पर हैं। इसके परिणामस्वरूप हसदेव दर्री बैराज के जलस्तर में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। बैराज में जलस्तर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा जल प्रबंधन की प्रक्रिया जारी है। दर्री बैराज में सामान्य तौर पर 941 फीट का वाटर लेवल बनाए रखा जाता है। जैसे ही ऊपरी इलाकों और क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण बैराज में अतिरिक्त पानी आवक होती है, जलस्तर को संतुलित करने के लिए बैराज के गेट खोलने पड़ते हैं। लगभग हर दिन अलग अलग गेट खोलकर वाटर लेवल को मेंटनेन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को एक बार फिर दर्री बैराज का जलस्तर निर्धारित पैमाने से ऊपर पहुँच गया, जिसके बाद विभाग को बैराज का गेट नंबर 12 खोलना पड़ा। इस गेट के माध्यम से 1413 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बांगो बांध का जल स्तर लगातार बढ़ता ही जा रहा है लेकिन अभी बांध को भरने में 3 मीटर पानी शेष है। यदि इसी तरह बारिश होती रही तो बांगो बांध को भरने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। हाईडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जाएगी और वाटर लेवल मेंटनेन नहीं हुई तो गेट खोलने की नौबत आएगी।



हसदेव दर्री बैराज पुल।

# बुधवारी बाजार में बेतरतीब पार्किंग वाहनों पर यातायात पुलिस की गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के व्यस्ततम बुधवारी बाजार में बुधवार को लगने वाले बाजार में लोगों की खासी भीड़ लगती है। इस दौरान लोग अपने वाहनों से बाजार पहुंचते हैं और अपने वाहनों यहां वहां खड़ी कर देते हैं। जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। जाम की स्थिति से निपटने के लिए यातायात पुलिस ने सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। लगातार दी जा रही हिदायतों के बावजूद सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े किए जा रहे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

**खास बात**
- कई वाहनों पर लॉक करने की हुई कार्रवाई, दी चेतावनी



कार में लॉक की कार्यवाही करती यातायात पुलिस।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बुधवार को यातायात सउनि मनोज राठौर ने अपनी टीम और क्रेन (टोइंग व्हीकल) लेकर अचानक बुधवारी बाजार पहुंचे। पुलिस बल ने सड़क पर बेतरतीब ढंग से पार्क की गई कारों और अन्य दोपहिया-चार पहिया वाहनों पर तत्काल व्हील लॉक लगाने की कार्रवाई की। इसके साथ ही नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मौके पर ही चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान यातायात पुलिस द्वारा लाउडस्पीकर पर अनाउंसमेंट कर लोगों और व्यापारियों को सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि बाजार आने वाले लोग अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें। सड़क पर वाहन खड़े कर यातायात बाधित करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्रवाई केवल एक शुरुआत है। आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज़ किया जाएगा। यदि लोग हिदायत के बाद भी सड़क पर बेतरतीब पार्किंग करेंगे, तो उनके वाहनों को क्रेन से उठाकर सीधे थाने ले जाया जाएगा और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि बुधवारी बाजार के दिन सड़कों पर चार पहिया वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ा कर देने से यातायात बुरी तरह से प्रभावित होता था, जिससे आम जनता और पैदल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

## पीएमजी प्रतिनिधिमंडल ने किया जमीनी निरीक्षण

# एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना की प्रगति पर केंद्र सरकार की पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार के प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) कैबिनेट सचिवालय के प्रतिनिधिमंडल ने एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना का दौरा कर भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन से जुड़े कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक सचिन टी. पाटिल ने पीएमजी के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इस दौरान एक विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति, पात्र भू-स्वामियों एवं भू-धारकों को दिए गए मुआवजे एवं अन्य लाभों तथा पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया। इसके बाद पीएमजी प्रतिनिधिमंडल ने खमरिया आर एंड आर साइट का निरीक्षण किया, जहां पाली ⏭ शेष पेज 3 पर



पीएमजी कैबिनट सचिवालय के प्रतिनिधिमंडल एवं कुसमुंडा महाप्रबंधक।

### जमीन और आर एंड आर के मुद्दों पर हुई समीक्षा

एसईसीएल के चेयरमैन-सह-मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश दुहन ने कुसमुंडा क्षेत्र में माइनिंग आपरेशन्स, प्रोडक्शन की तैयारियों और मॉनसून मैनेजमेंट की विस्तृत समीक्षा की। दौरे के दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत और एडीएम देवेंद्र पटेल भी जमीन अधिग्रहण और पुनर्वास व पुनर्स्थापन (आर एंड आर) से जुड़े मामलों की समीक्षा के लिए शामिल हुए। जमीन अधिग्रहण और आर एंड आर गतिविधियों की प्रगति का जायजा लेने के लिए कुसमुंडा, गेवरा और दीपका मेगा प्रोजेक्ट्स के एरिया जनरल मैनेजर्स के साथ एक समीक्षा बैठक की गई। इसके बाद सीएमडी ने नीलकंठ अ और ब माइनिंग पैच का निरीक्षण किया व अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मॉनसून के मौसम में प्रोडक्शन की गति बनाए रखते हुए कोयला निकालने का काम तेजी से करें। विभागीय माइनिंग पैच की समीक्षा करते हुए, उन्होंने सुरक्षा मानकों से समझौता किए बिना प्रोडक्शन के लक्ष्यों को हासिल करने पर जोर दिया और अधिकारियों को सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। श्री दुहन ने केएनआर-एसआईएमएल (जेवी) कॉन्ट्रैक्ट के लिए एचईएमएम मोबिलाइजेशन की तैयारियों की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नए मिले काम को समय पर शुरू करना सुनिश्चित करें।

online Booking:-www.tripuryatra.com


30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप



### शराब समाज की सबसे बड़ी बुराई, करना चाहिए इसका त्याग : प्रणव महराज

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार के भांठापारा में राठौर परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के विश्राम दिवस पर कथा व्यास पीठ से भगवताचार्य प्रणव महराज ने भागवत में अनेकों प्रसंगों की कथा भक्तों को श्रवण कराई, जैसे नरकासुर वध, भगवान के 16108 विवाह के रहस्य, जरासंध वध, सुदामा चरित्र, भगवान के स्वधाम गमन, परिक्षित मोक्ष की कथा श्रवण कराई साथ ही महराज ने बताया कि यदुवंशियों ने संतों का अपमान किया और श्राप के कारण पूरे यदु कुल का विनाश हुआ श्राप के बाद सभी यदुवंशी पथ भ्रष्ट हो जाए मदिरा पान करने लगे जिससे पाप करने लगे और खुद का विनाश कर लिया। महराज ने समाज को संदेश कथा के माध्यम से दिया कि शराब मंदिरा समाज की एक सबसे बड़ी बुराई है मनुष्यों को शराब का त्याग करना चाहिए क्योंकि शराबी व्यक्ति अपने घर की खुशियों को भी शराब के साथ पी जाता है एक शराबी पूरे समाज की गरिमा नष्ट करता है और पूरे घर में शान्ति पूर्ण वातावरण अशांत हो जाता है अनेक शराब की बुराई महराज ने कथा के माध्यम से बताई साथ ही शराब के बहिष्कार करने की बात कही कथा का पावन आयोजन स्व श्याम प्रसाद राठौर की स्मृति में फोटोबाई राठौर, शिवकुमार-संगीता, सुनील कुमार-कल्याणी ने आयोजन कर पूरे ग्रामवासियों को कथा से ओतप्रोत कर दिया। यह भागवत कथा 15 जुलाई से आरंभ होकर 23 जुलाई को हवन सशस्त्र धारा के साथ यज्ञ की विश्राम हुआ। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने महराज जी से आशीर्वाद लेकर उपस्थित सभी श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भागवत कथा जीवन का सार है जो भक्ति का मार्ग प्रशस्त करने वाला है,इस धार्मिक व आध्यात्मिक वातावरण में प्रभु का सन्निध्य मिला,संस्कार व सद्भावना का अद्भुत अनुभव मिला ,कथा से भटके मन को शांति मिलती है कथा श्रवण करने कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पंडित हीरा महराज ,सरपंच,लोकेश्वर कंवर युवराज सिंह कंवर, जगदीश अग्रवाल, राजाराम राठौर, उमाशंकर जायसवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पाली की छात्राओं ने दो नीट और एक का जी-मेंस हेतु चयन



**पाली।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय लाफा (पाली) की तीन छात्राओं ने मेडिकल नीट और इंजीनियरिंग की जी-मेंस परीक्षा उत्तीर्ण कर इतिहास रचते हुए शाला और परिवार को गौरवांवित किया है। आदिवासी और वंचित वर्ग के बच्चों को सर्व सुविधायुक्त उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराकर उन्हें मेडिकल, इंजीनियरिंग जैसे उच्च पदों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से सरकार ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की शुरुआत की है। पाली ब्लॉक के ग्राम लाफा में इस स्कूल की 4 वर्ष पूर्व शुरुआत हुई थी। सीमित संसाधन और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद एकलव्य स्कूल की तीन छात्राओं ने मेडिकल इंजीनियरिंग की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर इतिहास रच दिया है। संस्था की छात्रा रितिका मरावी पिता इतवार सिंह मरावी, अंजना कुमारी कंवर पिता मुनि सिंह कंवर का मेडिकल की नीट परीक्षा और डीगेश्वरी राठीया पिता समे लाल राठीया का जी-मेंस मे आईटी ब्रांच के लिए चयन हुआ है। आदिवासी और पिछड़े वनांचल गांव की इन छात्राओं ने एकलव्य परीक्षा उत्तीर्ण कर आवासीय विद्यालय में रहकर विद्याध्ययन किया है और अपनी कड़ी मेहनत ,लगन और दृढ़ निश्चय तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता अर्जित कर अपने डॉक्टर-इंजीनियर बनने के सपने को साकार करने की ओर एक कदम बढ़ाया है। प्राचार्य अमित जांगड़ा सहित समस्त स्टाफ ने उत्कृष्ट सफ़लता पर इन छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण न होने पर होगी कार्रवाई

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने टीएल के लिए चिन्हित प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएमओ-पीजी, मुख्यमंत्री जनदर्शन सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों के लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने तहसीलवार राजस्व से संबंधित विवादित, अविवादित, त्रुटि सुधार, सीमांकन आदि से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा के बाहर वाले प्रकरणों पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए और कार्रवाई की चेतावनी दी। कलेक्टर ने ई-कोर्ट के लंबित प्रकरणों को एक सप्ताह के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने एग्रीस्टैक और बकेट क्लेम की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।

# सब्जी किट वितरण का नहीं मिला लक्ष्य, सीधे खाते मे जाएगी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उधानिकी विभाग इस वर्ष किसानों को सब्जी क़ी खेती के लिए प्रतिवर्ष सब्जी किट वितरण किया जाता था लेकिन इस वर्ष लक्ष्य नहीं मिलने के कारण किसानों को सब्जी किट का वितरण नहीं किया गया। उसकी जगह किसानो के खाते मे सीधे राशि भेजी जाएगी। जिले मे खेती का रकबा प्रतिवर्ष बढ़ता जा रहा है।

उद्यानिकी विभाग क़ी ओर से बारिश के पूर्व सब्जी किट का वितरण किया जाता है जिले 35 सौ किसान सब्जी क़ी खेती करते है। कोरबा ब्लाक के बेंदरकोना, गोढ़ी, चाकामार चचीया, तौलीपाली, बुंदेली, भूलसीडीह, मातमार कोरकोमा मे खेती होती है। बोर क़ी सुविधा होने क़ी वजह से इन ग्रामों मे सब्जी क़ी खेती साल भर किसान करते है, जिन्हे विभाग के द्वारा सब्जी किट का वितरण के किटनाशक दवाइयो का भी वितरण किया जाता है लेकिन इस वर्ष सब्जी किट का वितरण नहीं किया गया। शासन क़ी ओर से लक्ष्य ही नहीं दिया जाने से वितरण कार्य नहीं हुआ। अब उसकी जगह किसानो के बैंक खातों मे सीधे राशि डीबीटी योजना के तहत भेजी जाएगी। जिसका उपयोग किसान सब्जी क़ी खेती मे कर सकेंगे, विभाग ने ऐसे किसानो क़ी सूची भी तैयार कर ली है लक्ष्य मिलते है नगद राशि भेज दी जाएगी।

## इस वर्ष शासन से नहीं मिला लक्ष्य

**खास बातें**

- मानसून पूर्व सब्जी की केती के लिए होता था वितरण
- जिले में 35 सौ किसान करते हैं सब्जी की खेती



**नहीं मिला है वितरण का लक्ष्य**

इस वर्ष सब्जी खेती करने वाले किसानों को सब्जी किट वितरण करने का लक्ष्य नहीं मिलने के कारण किट का वितरण नहीं कर रहे हैं। जो लक्ष्य है उसे डीबीटी से लाभान्वित करेंगे।

-पंत राम सिंह
सहायक संचालक, उद्यानिकी

## तेजी से बढ़े फार्म हाउस

जिले के ग्रामीण अंचलों मे पिछले कुछ वर्षो मे फार्म हाउस क़ी संख्या तेजी से बढ़ी है सौर सुलजा योजना से खेती का रकबा भी बढ़ा है। वर्तमान तीन हजार हेक्टेयर मे सब्जी क़ी खेती हो रही है। बड़े किसानो के द्वारा सौर सुलजा योजना का लाभ व्यवसायिक खेती क़ी जा रही है। इस कार्य मे कुछ स्वयंसेवी संस्थाएं भी सामूहिक खेती का कार्य बढे क्षेत्र में कर रहे हैं। इससे छोटे किसानो को फायदा भी हुआ है।

## नदी पर पुल की मांग की जा रही लंबे समय से

# ग्राम अमहवा की जिंदगी फंसी दो नदियों के फेर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर पोंडी-उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत पचरा के आश्रित गांव अमहवा में बारिश के दौरान यहां लोगों के सामने समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। जानकारी के अनुसार लगातार हो रही बारिश ने इस ग्राम की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। ग्राम अमहवा कटोरी नदी और तान नदी के बीच बसा हुआ है। बारिश शुरू होते ही दोनों नदियां उफान पर आ जाती हैं और ग्राम का संपर्क पूरी तरह बाहरी दुनिया से कट जाता है।

इसी कड़ी में लगभग एक सप्ताह से ग्रामीण अपने घरों में कैद होकर रह गए हैं। ग्राम से बाहर निकलने का कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है। ऐसे में रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना ग्रामीणों के लिए टास्क बन गई है। सबसे विकट स्थिति तब बनती है जब किसी को राशन, दवाइयां या किसी जरूरी काम के लिए बाहर जाना हो, ग्रामीणों को उफनती नदी पार करनी पड़ता है। कई बार लोग बाढ़ का पानी उतरने की प्रतीक्षा करते हैं और फिर देर होने पर जोखिम लेने से पीछे नहीं रहते। शासकीय योजनाओं का लाभ भी ग्रामीणों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाला राशन भी ग्रामीणों को नदी पार कर लाना पड़ता है। बारिश के दिनों में यह काम बेहद जोखिम भरा हो जाता है। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी इस परेशानी से अछूते नहीं हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से वे पुल और सडक़ निर्माण की मांग करते आ रहे हैं। हर बार ग्रामीणों को जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कलेक्टर को कई बार आवेदन सौंपे गए, लेकिन प्रशासन की ओर से भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।



नदी पार करते ग्रामीण।

## बारिश के मौसम में विद्यार्थियों को भी

नुकसान झेलना पड़ रहा है। ग्राम अमहवा के स्कूली बच्चों को पढ़ाई के लिए करीब 8 किलोमीटर दूर ग्राम जटगा जाना पड़ता है। लेकिन नदी में तेज बहाव होने के कारण बच्चे कई-कई दिनों तक स्कूल नहीं पहुंच पाते। जो बच्चे पढ़ाई के प्रति गंभीर हैं, वे अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं।ऐसे में विद्यार्थियों के घर आने तक परिजनों की चिंता इस बात की रहती है कि वह ठीक है या नहीं। स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल भी ऐसा ही है। गांव में यदि कोई बीमार पड़ जाए या किसी गर्भवती महिला को तत्काल अस्पताल ले जाने की जरूरत हो, तो ग्रामीणों के सामने सबसे बड़ी समस्या मरीज को गांव से बाहर निकालने की होती है। सडक़ और पुल के अभाव में एम्बुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकती। ऐसे में मरीज को चारपाई या अन्य साधनों के सहारे नदी तक लाना और फिर किसी तरह नदी पार कर अस्पताल पहुंचाना पड़ता है।

# अरदा-घनाकछार मार्ग में धंसा कुआं, जान जोखिम में डाल राहगीर कर रहे आवागमन



धंसा हुआ कुआं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

कटघोरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अरदा क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क किनारे स्थित एक कुआं धंस गया है। कुएं के धंसने से सड़क का एक हिस्सा भी कमजोर हो गया है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन करने वाले ग्रामीणों, स्कूली बच्चों एवं राहगीरों के सामने गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। यदि समय रहते आवश्यक मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

यह सड़क ग्राम अरदा से आसपास के ग्राम घनाकछार, जमनीमुड़ा, तेलसरा ग्रामों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, शिक्षक, किसान, मजदूर, महिलाएं तथा अन्य ग्रामीण इसी रास्ते से अपने दैनिक कार्यों के लिए आवाजाही करते हैं। वर्तमान में सड़क के किनारे की मिट्टी लगातार कट रही है और कुएं का हिस्सा धंसने से सड़क की चौड़ाई भी कम हो गई है। ऐसे में वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। बारिश के कारण सड़क पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे खतरा और बढ़ गया है। खासकर सुबह और शाम के समय स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि भारी वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, तो सड़क का शेष हिस्सा भी धंस सकता है और बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह समस्या लम्बे समय से बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग, ग्राम पंचायत द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। न तो मौके पर सुरक्षा बैरिकेड लगाए गए हैं और न ही चेतावनी संबंधी कोई संकेतक लगाए गए हैं। इससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि धंसे हुए कुएं और क्षतिग्रस्त सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और राहगीरों की सुरक्षा बनी रहे तथा किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

# प्रध्यापकों व छात्राओं ने मिनीमाता कालेज परिसर में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में वृक्षोरापण किया गया, महाविद्यालय के प्रध्यापकों व छात्राओं ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर उक्त स्थल पर पौधे रोपित किये तथा हरित कोरबा के संकल्प को पूरा करने में अपनी सहभागिता देते हुये पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

अभियान के पांचवे दिन मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा .पापिया चतुर्वेदी, सहायक प्रध्यापक संध्या पाण्डेय, डा .विनोद कुमार साहू, डा.श्रेणी दिवाकर, मोनिका मिंज, वर्षा सिंह, कल्याणी ध्रुव, भागवत पटेल, डा.सरस्वती राव, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त नीरज कौशिक, पूर्व पार्षद दिनेश वैष्णव, अधीक्षण अभियंता भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डा.संजय तिवारी, उद्यान आनंद राठौर सहित महाविद्यालय की एन.एस.एस. की स्वयं सेविकाओं व छात्राओं ने वृक्षारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण व हरित कोरबा के संकल्प को पूरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



# सुरेश बने दर्री जमनीपाली अग्रवाल सभा के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमनीपाली के साडा कॉलोनी स्थित अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा दर्री जमनीपाली की बैठक सभा के अध्यक्ष प्रेमकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अग्रवाल सभा दर्री जमनीपाली के आगामी कार्यकाल 2026-2029 के लिए नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया गया।

**खास बात**

- सर्वसम्मति से किया नवीन कार्यकारिणी का चयन

सर्वप्रथम अध्यक्ष पद के लिए सुरेश कुमार अग्रवाल के नाम का प्रस्ताव प्रेमकुमार अग्रवाल ने रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए बैजनाथ अग्रवाल राजेन्द्र अग्रवाल राजा दर्री, मनीष अग्रवाल दर्री, प्रेमकुमार अग्रवाल सुमेधा का चयन किया गया । मनोज कुमार अग्रवाल एल्डरमेन को एक बार पुनः सचिव पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहसचिव आशीष अग्रवाल बंटी स्याहीमुड़ी को बनाया गया, कोषाध्यक्ष के पद के लिए सुरेश अग्रवाल के नाम का चयन किया गया। दर्री जमनीपाली अग्रवाल सभा का गठन 2007 में किया गया था तब से आज तक लगातार कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सुरेश अग्रवाल बालाजी को दिया जाता रहा है। पहली बार सह कोषाध्यक्ष पद का गठन किया गया, इस पद के लिए अशोक स्टील के संचालक अशोक कुमार अग्रवाल के नाम की घोषणा की गई । मंत्री आशीष अग्रवाल पूर्व एल्डरमेन, प्रचार प्रसार सचिव प्रतीक अग्रवाल और विकास अग्रवाल, श्यामा मेडिकोज को बनाया गया । कार्यकारिणी सदस्य में विनोद सिंघानिया एवं राजू भाई गोयल का चयन किया गया। आयकर सलाहकार मुकेश अग्रवाल, विधिक सलाहकार दिलीप अग्रवाल अधिवक्ता तथा निर्माण सलाहकार शुभम अग्रवाल सिविल इंजीनियर को बनाया गया है। संरक्षक पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, सभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमकुमार अग्रवाल, अशोक अग्रवाल प्रगति, महेश अग्रवाल बुंदेलखंड को बनाया गया।



अग्रवाल सभा के पदाधिकारीगण।

# पाली में श्री राधाकृष्ण धाम में भगवान की हुई प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिवनगरी पाली के हृदय स्थल पर नवनिर्मित श्री राधाकृष्ण धाम में भगवान श्री राधाकृष्ण के युगल स्वरूप, भगवान जगन्नाथ महाप्रभु एवं भगवान श्री गणेश के श्री विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य त्रिदिवसीय धार्मिक कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस पावन अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अनामिका मिश्रा ने मुख्य यजमान के रूप में संपूर्ण विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई। आचार्यों में पं. अभिनव शुक्ला, पं. संजय कृष्णा द्विवेदी, पं. वासुदेव पाण्डेय, पं. कृष्णा तिवारी, पं. विवेकानंद पण्डा एवं सी.डी. वैष्णव के सानिध्य व मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन कार्य संपन्न हुआ। तीन दिनों तक चले इस धार्मिक महोत्सव से संपूर्ण पाली नगर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन का आनंद लिया और भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के अंत में श्री राधाकृष्ण सेवा समिति, पाली एवं निवेदक प्रशांत मिश्रा ने सभी अतिथियों व नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पवन सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा, अजय जायसवाल अध्यक्ष, नगर पंचायत, श्री राज अध्यक्ष, नगर पालिका कटघोरा के साथ साथ भाजपा एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## उच्च स्तरीय जांच व दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की रखी मांग

# सीएचओ के वेतनमान को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के लगभग 37 सौ से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के वेतनमान को लेकर बुधवार को प्रदेशभर में एक साथ आवाज बुलंद हुई। छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के आह्वान पर सभी जिलों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने शांतिपूर्ण रैली निकालकर जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिले में जिला उपाध्यक्ष प्रीति कुमारी कैवर्त्य की अगुवाई में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि शासन के अनुमोदित निर्णयों के सम्मान, प्रशासनिक पारदर्शिता, सुशासन तथा हजारों सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के वैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री इस गंभीर विषय पर संवेदनशीलता के साथ शीघ्र न्यायोचित निर्णय लेंगे। संघ का आरोप है कि राज्य स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय द्वारा वेतनमान पुनर्निर्धारण के लिए विधिवत अनुमोदित प्रस्ताव, स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश तथा केंद्र सरकार के प्रचलित दिशा-निर्देशों के बावजूद केंद्र सरकार को अलग प्रस्ताव भेजा गया। इसके कारण प्रदेश के हजारों सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आज भी अपने वैधानिक वेतनमान से वंचित हैं। संघ के अनुसार आयुष्मान भारत–हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ऑपरेशनल गाइडलाइन में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए 25 हजार प्रतिमाह निश्चित मानदेय एवं कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना में भी राज्य स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय ने वेतनमान पुनर्निर्धारण संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके बावजूद भारत सरकार को पूर्ववत वेतनमान का प्रस्ताव भेजे जाने से गंभीर प्रशासनिक सवाल खड़े हुए हैं। संघ का कहना है कि सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त अभिलेख, शासी निकाय की बैठक के कार्यवृत्त तथा केंद्र सरकार के रिकॉर्ड ऑफ प्रोसीडिंग्स से यह स्पष्ट होता है कि केंद्र सरकार ने राज्य से प्राप्त प्रस्ताव को ही स्वीकृति प्रदान की। ऐसे में यदि जांच में यह सिद्ध होता है कि अनुमोदित प्रस्ताव के स्थान पर अलग प्रस्ताव भेजा गया तो यह शासन के निर्णयों की अवहेलना एवं प्रशासनिक जवाबदेही का गंभीर मामला होगा। ज्ञापन में पूरे प्रकरण की मुख्य सचिव स्तर अथवा किसी स्वतंत्र वरिष्ठ अधिकारी से निष्पक्ष जांच, जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई, अनुपूरक पीआईपी के माध्यम से संशोधित प्रस्ताव केंद्र सरकार को तत्काल भेजने कहा है।



ज्ञापन सौंपने के दौरान उपस्थित स्वास्थ्य कर्मी।

### स्टेट जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट में रवि और अदविका जिले का करेंगे प्रतिनिधित्व

**कोरबा।** राजनांदगाव में आयोजित होने वाली योनेक्स सनराइज़ 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर (अंडर-19 बालक एवं बालिका) बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट-2026 के लिए कोरबा जिला बैडमिंटन संघ के द्वारा 21 जुलाई को एकलव्य स्पोर्ट्स एरीना कोरबा के खेल परिसर में चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे खिलाडियों ने बालक और बालिका वर्ग में भाग लिया। बालक वर्ग का फाइनल मैच रवि कृष्णा भगत और अमन स्वर्णकार के बीच खेला गया जिसमे रवि कृष्णा भगत विजेता तथा अमन उप विजेता रहे। इसी प्रकार बालिका वर्ग में फाइनल मैच अदविका उइके और सोनाली फेलिक्स के मध्य खेला गया जिसमे अदविका उइके विजेता और सोनाली फेलिक्स उप विजेता रहीं।

## खबर संक्षेप

### हटाए गए पोड़ी सीईओ सोनवानी खगेश को मिली जिम्मेदारी

**कोरबा।** क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के विरोध का सामना कर रहे पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत के सीईओ भूपेंद्र सोनवानी को हटा दिया गया है। उन्हें जिला पंचायत में अटैच किया गया है। इसके साथ ही आदेशानुसार कोरबा जनपद पंचायत के सीईओ खगेश निर्मलकर को पोड़ी उपरोड़ा सीईओ पदस्थ किया गया है। रामानुजनगर जनपद जिला- सरगुजा से कोरबा जनपद के लिए आए संजय कुमार राय को कोरबा जनपद सीईओ पदस्थ किया गया है।

### जलता हुआ गिरा केबल वायर, बड़ा हादसा टला, बाल बाल बचे लोग



**हरदीबाजार।** मंगलवार की सुबह 7 बजे एक बड़ी घटना होते होते टल गई। सुबह से बारिश हो रही थी इसी दरम्यान हरदीबाजार के कालेज चौक के पीछे मोहल्ला चोकपारा में एक विद्युत पोल से जलता हुआ केवल वायर ज़मीन पर गिर गया, गिरने के बावजूद भी केबल वायर जल रहा था। घटना का सुखद पहलु यह रहा कि जिस दौरान जलता हुआ केबल वायर गिरा उसके आसपास कोई नहीं था। अन्यथा किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। स्थानीय लोगों ने देखा तो तत्काल इसी सूचना विद्युत विभाग के कर्मचारियों को दी। जिसके बाद विद्युत कर्मचारी मौके पर पहुंचकर सबसे पहले विद्युत आपूर्ति बंद की उसके बाद सुधार कार्य किया गया।

## दूसरी घटना श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम जिल्गा छुहीमाटी में हुई वारदात

# हत्या की दो वारदात, दो भाइयों ने अपने ही भाइयों को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में हत्या के दो सनसनीखेज मामले सामने आए हैं। दोनों ही घटना में दो सगे भाईयों ने

**खास बात**

- पहली घटना बांगो ताना क्षेत्र के ग्राम नान लेपरा में मुर्गा चावल खाने के विवाद में

अपने ही भाई की कुल्हाड़ी से मारकर मौत के घाट उतार दिया है । दोनों ही मामलों में हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पहली घटना बांगो थाना क्षेत्र ग्राम नान लेपरा की है। यहां निवासरत मथुरा धनवार 25 वर्ष पिता विदुर राम धनवार मंगलवार की रात अपनी पत्नी प्रमिला धनवार और बच्चों के साथ पड़ोस में ही रहने वाले अपने सगे बड़े भाई कैलाश धनवार के घर रात का खाना खाने गया हुआ था। कैलाश के घर में मुर्गा-चावल बना था और परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर भोजन कर रहे थे। भोजन के दौरान छोटा भाई मथुरा बार-बार जल्दी-जल्दी खाना खाने की बात दोहरा रहा था।



लेपरा में पूछताछ करती बांगो पुलिस।,



मृतक मथुरा धनवार व रामभरोस राठिया।

इस पर बड़े भाई कैलाश ने उसे टोकते हुए आराम से खाना खाने की सलाह दी। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों के बीच का विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर कैलाश ने घर में पास ही



आरोपी कैलाश

रखी कुल्हाड़ी उठा ली और मथुरा पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर और गर्दन पर गंभीर चोट लगने के कारण मथुरा धनवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बांगो थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले बड़े भाई कैलाश धनवार को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। हत्या की दूसरी वारदात श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम जिल्गा छुहीमाटी में हुई है। यहां निवासरत रामभरोस राठिया उम्र 47 वर्ष पिता मनलाल राठिया अपने छोटे भाई रामजीवन राठिया के पास बुधवार की सुबह 9.30 बजे गया हुआ था जहां दोनों भाईयों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और विवाद बढ़ने पर छोटे भाई ने घर में रखे कुल्हाड़ी से अपने बड़े भाई रामभरोस राठिया की हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलते ही श्यांग थाना प्रभारी लक्ष्मण खुंटे दल बल सहित मौके पर पहुंचे और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले रामजीवन राठिया को गिरफ्तार कर लिया है।

# छात्रों की आवाज़ को लाठियों से नहीं दबाया जा सकता : महंत



पुतला दहन करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश का युवा अपने भविष्य, अपनी मेहनत और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। लगातार सामने आ रहे परीक्षा घोटालों, पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं ने करोड़ों विद्यार्थियों का विश्वास तोड़ा है। ऐसे समय में सरकार का कर्तव्य छात्रों की बात सुनना था, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनकी आवाज़ को लाठियों, गिरफ्तारियों और पुलिसिया दमन से दबाने का प्रयास किया गया।

उक्त बातें विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कही। दरअसल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा दिल्ली में छात्रों पर हुए पुलिसिया दमन एवं लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी, शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवा दल, किसान कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, अनुसूचित जाति विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, विभिन्न प्रकोष्ठों एवं अग्रिम संगठनों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान केंद्र सरकार के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी की गई तथा छात्रों के संघर्ष के प्रति एकजुटता व्यक्त की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि आज देश का युवा रोजगार, पारदर्शी भर्ती और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की मांग कर रहा है, लेकिन मोदी सरकार युवाओं को न्याय देने के बजाय उन्हें लाठियां और गिरफ्तारियां दे रही है। यह सरकार हर उस आवाज़ से डरती है जो उससे जवाब मांगती है। इस दौरान रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, कटघोरा नगर पंचायत अध्यक्ष राज जायसवाल, पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा, पुरुषोत्तम कंवर, प्रदेश सचिव हरीस परसाई, विकास सिंह सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा दुर्ग संभाग प्रभारी एवं पार्षद नरेंद्र ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्ड क्रमांक 18 कोहड़िया के नर्सरी पारा, बरपारा एवं आसपास के क्षेत्रों में चल रहे सड़क, नाली एवं भवन निर्माण कार्यों का भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के दुर्ग संभाग प्रभारी एवं वार्ड पार्षद नरेंद्र देवांगन ने मुख्य अभियंता सुनील टांडे तथा जूनियर अभियंता सोमनाथ के साथ स्थल पर पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य केवल निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेना नहीं था, बल्कि प्रत्येक कार्य की गुणवत्ता, मजबूती, दीर्घकालिक उपयोगिता एवं वैज्ञानिक संरचनात्मक मानकों के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करना भी था।

निरीक्षण के दौरान श्री देवांगन ने अधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ निर्माणाधीन सड़क, नाली एवं भवन की तकनीकी बारीकियों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्य तभी सार्थक होंगे, जब उनकी गुणवत्ता उच्च स्तर की हो और वे वर्षों तक आम नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरे उतरें। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ताहीन निर्माण को स्वीकार नहीं किया जाएगा। बरसात के मौसम में नर्सरी पारा, भलपारा एवं आसपास के क्षेत्रों में होने वाली जलभराव की समस्या को विशेष रूप से गंभीर विषय मानते हुए श्री देवांगन ने मौके पर ही अभियंताओं के साथ विस्तृत चर्चा की। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, जल निकासी के प्राकृतिक प्रवाह, सड़क की ऊंचाई, नालियों की ढाल तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तकनीकी एवं संरचनात्मक समाधान तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया। नरेंद्र देवांगन ने कहा कि विकास केवल निर्माण कार्य कराने का नाम नहीं है, बल्कि ऐसा टिकाऊ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण आधारभूत ढांचा तैयार करना है जो आने वाले वर्षों तक जनता की आवश्यकताओं की पूर्ति करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों, गुणवत्ता नियंत्रण एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि जनता का विश्वास कायम रहे और वार्ड विकास का आदर्श उदाहरण बन सके।

# लंबित वादे पूरे किए बिना मानिकपुर परियोजना की पर्यावरणीय जनसुनवाई स्वीकार नहीं : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने एसईसीएल की मानिकपुर ओपनकास्ट विस्तार परियोजना को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रभावित ग्रामीणों के वर्षों पुराने लंबित मुद्दों का समाधान किए बिना पर्यावरणीय जनसुनवाई आयोजित करना केवल कानूनी औपचारिकता पूरी करने का प्रयास होगा, जिसे प्रभावित जनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी।



जयसिंह अग्रवाल

उन्होंने एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक को विस्तृत पत्र भेजकर मांग की है कि 21 अगस्त को प्रस्तावित पर्यावरणीय जनसुनवाई से पहले सभी लंबित मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार एवं विस्थापन संबंधी मामलों का निराकरण किया जाए, अन्यथा जनसुनवाई तत्काल स्थगित कर नई तिथि घोषित की जाए। जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि एसईसीएल को यह समझना होगा कि पर्यावरणीय जनसुनवाई कोई खानापूर्ति या सरकारी फाइल पूरी करने की प्रक्रिया नहीं है। यह उन हजारों परिवारों के भविष्य का प्रश्न है, जिनकी जमीन, मकान, खेती, रोजगार, जलस्रोत और पूरा सामाजिक जीवन इस परियोजना से प्रभावित होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भिलाई खुर्द, दादरखुर्द, मानिकपुर, इमलीडुग्गू, उरगा, कुरूडीह, बेन्दरकोना, गोढ़ी, पंडरीपानी, सेमीपाली सहित अनेक गांवों के लोग वर्षों से एसईसीएल के अधूरे वादों का बोझ उठा रहे हैं। पिछली जनसुनवाइयों में रोजगार, पुनर्वास, लंबित मुआवजा, स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, धूल नियंत्रण, ब्लास्टिंग से क्षति का मुआवजा, हरित पट्टी विकास तथा स्थानीय परिवहनकर्ताओं को अवसर देने जैसे अनेक आश्वासन दिए गए थे, लेकिन अधिकांश आज भी कागजों तक सीमित हैं।

*__कोरबा।__ अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन दिया कोरबा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलगीखार में युवाओं के लिए डिवाइन वर्कशॉप एवं नशा मुक्त भारत अभियान का प्रेरणादायी आयोजन किया गया।

# शोकाकुल परिजनों से मिलने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष डॉ.महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत सलिहाभांठा निवासी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद महतो के मँझले पुत्र भास्कर महतो के 11 जुलाई को निधन पर विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने शोक जताया। उन्होंने बुधवार को शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। दुर्गा प्रसाद महतो कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता थे। बुधवार को शोकाकुल परिवार से मिलने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत पहुंचे थे। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस



कमेटी कोरबा ग्रामीण के जिलाध्यक्ष मनोज चौहान, विधायक प्रतिनिधि निरंजन श्रीवास, पीयूष गुरुद्वान, भुवनेश्वर महतो एवं शोकाकुल परिवार उपस्थित थे।


**TOP IN KORBA**

**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742


## पृष्ठ 1 का शेष

### डिप्टी सीएम...

क्लब की नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के संरक्षक कमलेश यादव, अध्यक्ष नौशाद खान, उपाध्यक्ष राजकुमार शाह, सचिव दिनेश राज, उप सचिव हरीश तिवारी, कोषाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव तथा कार्यकारिणी सदस्यों राजेश कुमार मिश्रा (मिट्ठू), नवाब हुसैन और आकाश शर्मा को शपथ दिलाएंगे। इस अवसर पर समारोह में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक प्रेमचंद पटेल, विधायक फूलसिंह राठिया, महापौर संजू देवी राजपूत, निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर तथा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### एसईसीएल कुसमुंडा...

और खोडरी गांवों के प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था विकसित की जा रही है। अधिकारियों ने यहां चल रहे आधारभूत विकास कार्यों की समीक्षा की और परियोजना प्रभावित परिवारों के सुगम एवं समयबद्ध पुनर्वास पर विशेष जोर दिया। साथ ही शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने और पुनर्स्थापन प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। पीएमजी प्रतिनिधिमंडल ने 14 नंबर डंप आर एंड आर साइट का भी निरीक्षण किया, जहां जटराज गांव के प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है। निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वृक्षारोपण अभियान में भी भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पीएमजी के प्रतिनिधिमंडल में आनंद शर्मा, आकृति लाल, अंजलि गुप्ता शामिल थीं। उनके साथ कलेक्टर कुणाल दुदावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, एसडीएम कटघोरा तथा जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क./ बी-121/2025-26
ग्राम- छुरीकला, प.ह.नं. 12
तहसील कटघोरा जिला कोरबा

एतद् द्वारा आम जनता मौजा छुरीकला, प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. व तहसील कटघोरा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ज्योति गौतम पिता महेश बेदी पति जितेन्द्र उम्र 47 जाति खत्री निवासी ग्राम छुरीकला तह० कटघोरा, जिला-कोरबा छग के द्वारा अपने पुत्र प्रजवल गौतम पिता जितेन्द्र गौतम के शिक्षा/शासकीय नौकरी में आरक्षण हेतु ई.डब्बलू.एस प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन/अन्य दस्तावेज के साथ शपथ पत्र में परिवार का वार्षिक आय एवं वर्तमान आय प्रमाण पत्र का 771994/- रू है। आवेदक एवं परिवार के नाम पर पाँच एकड़ से अधिक कही भी कृषि भूमि दर्ज नहीं है। अधिसूचित नगर पालिकाओं आवासीय फ्लैट 1000 वर्ग मी./ आवासीय प्लाट 200 वर्ग मी./ गज से नहीं है। आवेदक द्वारा अपने शपथ पत्र में सपूर्ण भारत वर्ष के लिए आर्थिक रूप कमजोर वर्ग के निर्धारित समस्त मापदडों को पूरा करते हुये अपने शपथ पत्र के कंडिकायो में गलत जानकारी के लिए आवेदिका स्वयं जिम्मेदार होगा एवं ई.डब्बलू.एस. प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति होतो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06.08.2026 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क. 202607050700026
अ-6/2025-26
ग्राम-छुरीकला, प.ह.नं. 12
तहसील-कटघोरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शुक्रीता बाई साहू पति स्व. हरिलाल साहू, जाति-तेली, निवासी ग्राम छुरीकला, तहसील कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम छुरीकला प.ह.नं. 12 तहसील कटघोरा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 730/11/क एवं 730/11/ख रकबा क्रमशः 0.182, एवं 0.020 हे. कुल ख.नं. 2 कुल रकबा 0.202 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में हरिलाल, लक्ष्मीनारायण, रामायण पिता रामसाय, लक्ष्मीन बाई पिता रामसाय के नाम पर दर्ज है। आवेदिका द्वारा खातेदार हरिलाल पिता रामसाय की मृत्यु के उपरांत राजस्व अभिलेख से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 30/07/2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी हरदीबाजार,**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क./ /-121/202..... 202....
ग्राम अमगांव, प.ह.नं. ...
तहसील हरदीबाजार, जिला कोरबा (छ०ग०)

आवेदक/आवेदिका चंद्रिका बाई पिता/पति स्व. बेचुसिंह जाति कंवर ग्राम अमगांव तहसील हरदीबाजार जिला कोरबा (छग) द्वारा अपने पिता/पति/माता/पुत्र/ पुत्री/ दादा स्व बेचु सिंह की मृत्यु 09.07.2020 स्थान अमगांव तहसील-हरदीबाजार, जिला कोरबा (छ०ग०) में घर में आकस्मिक मृत्यु होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अन्तर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, अनुलपब्धता एवं अन्य दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-07.08.2026 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**तहसील हरदीबाजार,**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**


हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745


आमंत्रण
कोरबा प्रेस क्लब की नवीन कार्यकारिणी 2026-28
के निर्वाचन पश्चात आयोजित
शपथ ग्रहण समारोह
में आप सादर आमंत्रित हैं...
दिनांक : 23 जुलाई 2026 (गुरुवार), समय : दोपहर 12:00 बजे
स्थान : पं. जवाहर लाल नेहरू सभागार, रामपुर कोरबा (छ.ग.)
सम्माननीय अतिथिगण
श्री लखनलाल देवांगन जी
केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन
सुश्री सरोज पाण्डेय जी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बीजेपी
श्री जयसिंह अग्रवाल जी
पूर्व मंत्री, छ.ग. शासन
श्री प्रेमचंद पटेल जी
विधायक, कटघोरा
मुख्य अतिथि
श्री अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री
कोरबा
श्री फूलसिंह राठिया जी
विधायक, रामपुर
श्रीमती संजू देवी राजपूत जी
महापौर, नगर निगम, कोरबा
श्री पवन सिंह जी
जिला पंचायत अध्यक्ष, कोरबा
श्री नूतन सिंह ठाकुर जी
सभापति, नगर निगम कोरबा
श्री कमलेश यादव
संरक्षक
श्री नौशाद खान
अध्यक्ष
श्री राजकुमार शाह
उपाध्यक्ष
श्री दिनेश राज
सचिव
श्री हरीश तिवारी
उप-सचिव
श्री दुर्गेश श्रीवास्तव
कोषाध्यक्ष
श्री नवाब हुसैन
कार्यकारिणी सदस्य
श्री राजेश कुमार मिश्रा (मिट्ठू)
कार्यकारिणी सदस्य
श्री आकाश शर्मा
कार्यकारिणी सदस्य
विनीत : कोरबा प्रेस क्लब, कोरबा